जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

दिनांक: 07/09/2022

क्रमांक : एफ/प्रशा/स्था/प्रवेश/2022/5849

// अधिसूचना //

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला ग्वालियर से प्राप्त आदेश क्रमांक रहित दिनांक 02 सितम्बर 2022 के संदर्भ में विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त विभागाध्यक्षों/समन्वयकों/निदेशकों एवं विभागाधिकारी/कर्मचारियों तथा अध्ययनशाला में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के आधार डाटा संग्रहण हेतु 16 ग्वालियर पूर्व, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर में दिनांक 12/09/2022 एवं 13/09/2022 को गालव सभागार में प्रातः 10:00 बजे से सांयकाल 06:00 बजे तक कैम्प आयोजित किया गया है।

उक्त कैम्प के संबंध में कार्यवाही हेतु डॉ0 रविकान्त अदालतवाले, समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है तथा डॉ0 समीर एस0 भाग्यवंत, वरिष्ठ प्राध्यापक, बायोटेक्नोलॉजी अध्ययनशाला को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाता है साथ ही इनके द्वारा विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक से समन्वय कर संबंधित क्षेत्र के बी0एल0ओ0 से संपर्क कर कार्यवाही सुनिश्चित की जावें।

कैम्प के संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।

कैम्प का आयोजन प्रातः 10:00 बजे से सांयकाल 06:00 बजे तक किया जायेगा।

1. नियत दिनांक एवं समय में संस्था द्वारा यदि कोई परिवर्तन किया जाता है। तो तदाशय की सूचना विश्वविद्यालय प्रमुख द्वारा संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन राष्ट्रीयकरण अधिकारी को दी जायेगी। कैम्प की संपूर्ण व्यवस्था यथा–स्थान, फर्नीचर आदि। संस्था प्रमुख द्वारा की जायेगी।
2. विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्षों/समन्वयकों/निदेशकों एवं विभागाधिकारी/कर्मचारियों तथा अध्ययनशाला में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को कैम्प की जानकारी एवं वोटर कार्ड एवं आधार कार्ड की छायाप्रति साथ में लाने की सूचना विश्वविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जायेगी।
3. कैम्प के दौरान 50–50 के बैच बनाकर बी0एल0ओ0/नोडल अधिकारी विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों के आधार ऑनलाईन लिकिंग करायी जायेगी और छात्रों को उनके परिजनों के आधार लिंक कराने की समझाइस भी दी जायेगी।
4. विश्वविद्यालय प्रमुख/बी0एल0ओ0 सुपरवाईजर/बी0एल0ओ0 समस्त बैचों के आधार संग्रहण की जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय को उसी दिन उपलब्ध करायेगें।

कुलसचिव

प्रति ,

संबंधित की ओर सूचनार्थ।

प्रतिलिपिः–

1. समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।
2. डॉ0 रविकान्त अदालतवाले, समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर इस आशय के साथ प्रेषित की वह संलग्न पत्र के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।
3. डॉ0 समीर एस0 भाग्यवंत, वरिष्ठ प्राध्यापक, बायोटेक्नोलॉजी अध्ययनशाला, जी0वि0वि0 ग्वालियर।
4. समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ।
5. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. श्री संजय बरतरिया, प्रभारी आई0टी0 सेल की ओर इस आशय के साथ प्रेषित की वह उक्त अधिसूचना को विश्वविद्यालय की बेबसाईट पर अपलोड करें।

सहा0/उप–कुलसचिव (प्रशा0)